उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार, 29 आश्विन, शक संवत्, 1927
**( दिनांक : 21 अक्टूबर, 2005 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिए नत्थी "**क**")।

2. प्रश्न (देखिए नत्थी "**ख**")।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी)

3. सभापति, याचिका समिति उत्तरांचल विधान सभा की याचिका समिति का प्रथम प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी)

4. सभापति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा विमुक्त जाति संबंधी समिति उत्तरांचल विधान सभा की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा विमुक्त जाति संबंधी समिति का प्रथम प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी)

5. सभापति, आश्वासन समिति उत्तरांचल विधान सभा की आश्वासन समिति का पांचवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी)

6. सभापति, आश्वासन समिति, उत्तरांचल विधान सभा की आश्वासन समिति का छठा प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

7. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

8. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ के अन्तर्गत ग्राम हट्नाली के अठाणगांव में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री लाखन सिंह एवं अन्य निवासीगण, जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

....2/....

9. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पौड़ी गढ़वाल के नालीखाल, बनचूरी मार्ग के कफोल कटाल पुल तक विस्तारीकरण करने के सम्बन्ध में" श्री श्रीपाल सिंह नेगी एवं अन्य निवासीगण, जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

11. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

12. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

13. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तरांचल राज्य महिला आयोग विधेयक, 2005 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

14. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तरांचल राज्य महिला आयोग विधेयक, 2005 को पुरःस्थापित करेंगे।

15. उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम-315 के खण्ड (23) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।
(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-"**ग**")

16. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

17. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश मंत्री (वेतन, भत्ता और प्रकीर्ण उपवंध) अधिनियम, 1981) (संशोधन) विधेयक, 2005 पर विचार किया जाय (15 मिनट)।

| **प्रस्तावक का नाम** | **संशोधन का रूप** |
|---|---|
| 1. श्री प्रकाश पन्त,<br>2. श्री मदन कौशिक,<br>3. श्री सुरेश चन्द्र जैन,<br>4. श्री अजय भट्ट,<br>5. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>6. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>7. श्री कैलाश शर्मा,<br>8. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट,<br>9. श्री विशन सिंह चुफाल,<br>10.श्रीमती आशा नौटियाल। | "उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश मंत्री (वेतन, भत्ता और प्रकीर्ण उपवंध) अधिनियम, 1981) (संशोधन) विधेयक, 2005 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे।" |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे)

18. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश मंत्री (वेतन, भत्ता और प्रकीर्ण उपवंध) अधिनियम, 1981) (संशोधन) विधेयक, 2005 पारित किया जाय।

....3/....

19. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा असरकारी विधेयक "उत्तरांचल सीमान्त क्षेत्र (विकास एवं प्रबन्ध) विधेयक, 2005" को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

20. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा असरकारी विधेयक "उत्तरांचल सीमान्त क्षेत्र (विकास एवं प्रबन्ध) विधेयक, 2005" को पुरःस्थापित करेंगे।

21. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा प्रस्ताव करेंगे कि असरकारी विधेयक "उत्तरांचल सीमान्त क्षेत्र (विकास एवं प्रबन्ध) विधेयक, 2005" पर विचार किया जाय।

22. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि कुशल प्रशासनिक व्यवस्था हेतु उत्तरांचल में राजस्व पुलिस को सुदृढ़ एवं सक्षम बनाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनायी जाए।"

23. श्री काशी सिंह ऐरी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल राज्य सरकार के अधीन सभी विभागों, निगमों, परिषदों एवं अन्य अर्धसरकारी संस्थानों में रिक्तियों को भरने हेतु ली जाने वाली परीक्षा एवं साक्षात्कारों का परीक्षाफल अंक तालिका सहित प्रत्येक अभ्यर्थी को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।"

24. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लक्ष्मणझूला, स्वर्गाश्रम तथा ग्राम सभा जौंक को मिलाकर नगर पंचायत बनाया जाए।"

25. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश के भू-गर्भ जल स्तर में हो रही गिरावट पर नियन्त्रण पर संस्तुति हेतु भू-गर्भ विशेषज्ञों की एक समिति गठित की जाए।"

26. श्रीमती आशा नौटियाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड ऊखीमठ की ग्राम पंचायत ऊखीमठ, ग्राम पंचायत अगस्त्यमुनी तथा ग्राम पंचायत गुप्तकाशी को नगर पंचायत बनाया जाए।"

....4/....

27. निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :-

1. श्री प्रीतम सिंह पंवार — "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद उत्तरकाशी के वरूणावत भूस्खलन पीड़ितों को शीघ्र पुनर्वासित किया जाए।"

2. श्री मदन कौशिक — "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल राज्य को ऊर्जा प्रदेश बनाने हेतु ऊर्जा आधारित विकास की सम्भावनाओं पर विचार करने के लिए एक समिति का गठन किया जाय जो एक निश्चित समयावधि में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।"

3. श्री प्रकाश पन्त — "यह सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड धारचूला तथा मुनस्यारी एवं जनपद चमोली के विकास खण्ड जोशीमठ के अन्तर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को जनजाति क्षेत्र में रहने वाली समस्त जातियों को जनजातियों हेतु अनुमन्य सुविधाएं प्रदत्त की जाए।"

4. श्री बलवीर सिंह नेगी — "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल में प्रतिवर्ष होने वाली सहस्त्रताल, क्यार्खी बुग्याल, मासरताल यात्रा को धार्मिक यात्रा घोषित कर यात्रियों को यात्रा हेतु सभी आवश्यक सुविधाएं तथा बूढ़ाकेदार सहस्त्रताल तक सम्पूर्ण पैदल यात्रा मार्ग को तीर्थ मार्ग के रूप में विकसित किया जाए।"

5. श्रीमती विजय बड़थ्वाल — "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल के समस्त राष्ट्रीय पार्क, पशु विहार, मृग विहार एवं संरक्षित वनों के आसपास के समस्त ग्रामीण क्षेत्रों के लिये योजना बनाकर विकास किया जाए।"

28. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत दिनांक 30 दिसम्बर, 2003 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल में स्थायी निवास प्रमाण-पत्र जारी किये जाने की प्रक्रिया को सरलीकृत एवं समयबद्ध किया जाए।"

....5/....

29. श्री काशी सिंह ऐरी, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में गुलदार, भालू एवं अन्य जंगली जानवरों द्वारा मारे गये तथा घायल व्यक्तियों को मुआवजे की धनराशि बढ़ाते हुए मानक तय किये जांय और इसे जल्द से जल्द पीड़ित व्यक्ति तक पहुँचाने हेतु एक समयबद्ध नीति बनाई जाए।"

30. डा० नारायण सिंह जन्तवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है ब्लाक प्रमुख एवं जिला पंचायत अध्यक्षों के चुनाव सीधे जनता द्वारा कराये जांय।"

31. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल में गौ-हत्या पर पूर्ण प्रतिबन्ध हेतु सरकार कानून बनाए।"

32. श्री गगन सिंह रजवार, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"यह सदन सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तरांचल के पर्वतीय अंचलों में निवास करने वाली लुप्त प्राय वन राजि आदिम जनजाति के संरक्षण, संवर्धन एवं उत्थान की व्यवस्था करें।"

33.. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल राज्य में चार धाम यात्रा के लिए यात्रियों को अधिक से अधिक आकर्षित करने हेतु प्रभावी कार्य योजना बनाई जाए।"

34.. श्री फूल सिंह बिष्ट, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-52 के अन्तर्गत निम्नलिखित सूचना पर एक घण्टे की चर्चा :-

"निर्माणाधीन टिहरी बांध की टनल संख्या टी-2 को बन्द कर दिए जाने के निर्णय से टिहरी बांध से प्रभावितों जिनका अभी तक पूर्ण रूप से पुनर्वासन नहीं किया जा सका है में व्याप्त भय क्षोभ एवं असन्तोष के सम्बन्ध में।"

....6/....

35. मुख्य मंत्री निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे :-

"मैं यह प्रस्ताव करता हूँ कि यह सदन उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 (उत्तरांचल में यथा प्रवृत्त) के संगत नियमों के अधीन श्री बद्रीनाथ एवं श्री केदारनाथ मन्दिर अधिनियम, 1939 (यथा संशोधित) की धारा 5 की उपधारा (1) के प्रस्तर (ख) में श्री बद्रीनाथ एवं श्री केदारनाथ मन्दिर समिति में तीन सदस्य विधान सभा से निर्वाचित किये जाने का प्राविधान है। उक्त समिति में कार्य करने के लिए तीन विधान सभा सदस्यों को निर्वाचित किये जाने हेतु यह सदन माननीय अध्यक्ष को प्राधिकृत करता है;

इस प्रकार माननीय अध्यक्ष द्वारा नामित सदस्य विधान सभा द्वारा निर्वाचित सदस्य समझे जायेंगे।"

36. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 21 अक्टूबर, 2005

( महेश चन्द्र )
सचिव।

उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार, 29 आश्विन, शक संवत्, 1927
( दिनांक : 21 अक्टूबर, 2005 )

# नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

डा० शैलेन्द्र मोहन सिंघल
20-09-2005

**1. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पेराई सत्र 2005-06 में सहकारी व निगम की चीनी मिलों द्वारा कितने शीरे के उत्पादन का अनुमान है तथा प्रदेश की औद्योगिक इकाईयों एवं प्रदेश की बाहर की इकाईयों को शीरे आवंटन का अनुबन्ध किन दरों पर किया गया है? क्या इन दरों में कोई अन्तर हैं? यदि हाँ, तो कितना और क्यों? गन्ना

श्री मदन कौशिक
21-09-2005

**2. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को कोल्हू चलाने की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु कोई नीति बनाई गई है? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी उक्त नीति को सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? गन्ना

# नत्थी "ख"

## तारांकित

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री हरबंस कपूर<br>04-06-2005<br>डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>02-07-2005<br>श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>15-07-2005<br>श्री अजय भट्ट<br>16-09-2005 | *1. | क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जानलेवा बीमारी 'एडस' के कुल कितने मरीज हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे इस बीमारी को प्रदेश में न फैलने देने हेतु सरकार द्वारा क्या ठोस पहल की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रकाश पन्त<br>06-06-2005 | *2. | क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में राज्य की सीमान्तर्गत कितने ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक तथा होम्योपैथिक मेडिकल कालेज सरकारी तथा निजी संचालित है तथा 31 मई, 2005 तक कितने नये मेडिकल कालेज प्रस्तावित किये गये हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सरकार इस संबंध में कोई नीति बनाने की योजना बना रही है? यदि हाँ, तो उसके प्रमुख बिन्दु क्या हैं? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10-06-2005 | *3. | क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में चाइल्ड रेग्युलेशन एक्ट के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बाल श्रमिकों की पहचान अथवा चिन्हीकरण किया गया है? राज्य में जनपदवार बाल श्रमिकों की संख्या क्या है और सरकार द्वारा इन बाल श्रमिकों के पुर्नवास के लिए क्या योजना बनायी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>18-06-2005 | *4. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बतायेंगे कि उत्तरांचल राज्य में विकासखण्ड स्तर पर 20 हजार की आबादी पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व 3 हजार की आबादी पर उपस्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने का प्रावधान है? यदि हाँ, तो क्या सरकार पर्वतीय जनपदों की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए 5 हजार की आबादी पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवम् 1 हजार पर उपस्वास्थ्य केन्द्र खोलने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>06-07-2005 | *5. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य व स्वास्थ्य उप केन्द्र खोलने हेतु जन संख्या मानकों में पर्वतीय क्षेत्रों के लिये मानकों में छूट देने के लिये सरकार विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री मदन कौशिक<br>06-07-2005 | *6. | क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मेडिकल विश्वविद्यालय की स्थापना किये जाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उसकी रूप रेखा क्या है और उक्त विश्वविद्यालय कब तक खोल दिया जायेगा? क्या भारतीय चिकित्सा पद्धति के विद्यालयों को भी इस विश्व विद्यालय में सम्मिलित किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा शिक्षा |

श्री हरभजन सिंह चीमा
01-07-2005

*7. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले सरकार के संज्ञान में आए हैं? यदि हाँ, तो सरकार इसकी रोकथाम हेतु कोई व्यवस्था करने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? आबकारी

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
11-07-2005

*8. क्या परिवहन मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में निजी टैक्सी वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुये क्या सरकार कोई ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने जा रही है जिससे कि यात्रियों को दुर्घटना बीमा का लाभ पहुँच सके? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? परिवहन

श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत
11-07-2005
श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
15-07-2005

*9. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है? यदि हाँ, तो क्या माननीय मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों से क्या तात्पर्य है? स्वास्थ्य

श्री अजय भट्ट
23-07-2005

*10. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में चिकित्सा विभाग में उपकेन्द्र राजकीय चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बेस चिकित्सालय खोलने हेतु सरकार द्वारा कोई मानक निर्धारित किया है? यदि हाँ, तो उसका मानक क्या है? स्वास्थ्य

श्री अनिल नौटियाल
28-07-2005

*11. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत अधिकाशं राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालयों में वर्षो से प्रभारी चिकित्साधिकारियों के पद रिक्त होने के कारण सम्पूर्ण जनपद में चिकित्सा सुविधाएं प्रभावित हो रही है तथा जन असन्तोष बढ़ता जा रहा है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत संचालित किन राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालयों में कब से प्रभारी चिकित्साधिकारी कार्यरत नहीं हैं तथा इन चिकित्सालयों में प्रभारी चिकित्साधिकारियों की तैनाती किये जाने के संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है? क्या सरकार इन चिकित्सालयों में प्रभारी चिकित्साधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित करवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जिला चिकित्सालय पौड़ी में चिकित्सकों की तैनाती कब तक सुनिश्चित कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? स्वास्थ्य

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री नारायण पाल<br>04-03-2005 | 1. क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान सरकार ने चुनाव पूर्व अपने घोषणा पत्र में 2 लाख बेरोजगारों को रोजगार देने की बात कही थी? यदि हाँ, तो कितने बेरोजगारों को अब तक रोजगार उपलब्ध किया गया है? क्या सरकार विभागवार विवरण सभा पटल पर रखने का कष्ट करेगी? | श्रम एवं सेवायोजन |

## अतारांकित

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरबंस कपूर<br>03-06-2005 | 1. क्या स्वास्थ्य मंत्री बतायेंगे कि उत्तरांचल के पर्वतीय क्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में पायी जाने वाली जड़ी बूटियों की अपार सम्पदा के जानकार स्थानीय वैद्यों के ज्ञान को संकलित कर उसे लिपिबद्ध करने की कोई योजना है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>04-06-2005 | 2. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में सिराकोट ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल का सरकार पर्यटन की दृष्टि से सौर्न्दयीकरण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रकाश पन्त<br>06-06-2005 | 3. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में बांस, बडाबे, अडिकिनी, जाख स्टेशनों से नियमित बस सेवा प्रारम्भ करने का सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री हरबंस कपूर<br>06-06-2005 | 4. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों एवं मातृ शिशु कल्याण केन्द्रों का पृथक भवन उपलब्ध कराए गये हैं? यदि नहीं, तो कब तक पृथक भवन उपलब्ध करा दिये जायेंगे? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07-06-2005 | 5. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा ''गाइडलाइन्स फार माउण्टेनियरिंग एक्सपीडिशन्स इन उत्तरांचल'' नामक पुस्तक में सतोपन्थ पीक का रास्ता माणा-बद्रीनाथ-भागीरथ पड़ाव दिखाया गया है, जो कि त्रुटिपूर्ण है? यदि हाँ, तो क्या सरकार भारतीय पर्वतारोहण संस्थान द्वारा मान्य मार्ग की पुस्तक में संशोधित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>07-06-2005 | 6. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव के हनुमानचट्टी नामक स्थान से डोडीताल तक ट्रेकिंग मार्ग निर्माण योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उक्त योजना का निर्माण कब तक करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री मदन कौशिक<br>08-06-2005<br>डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>02-07-2005 | 7. | क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में भूतपूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याणार्थ सरकार द्वारा क्या योजनायें चलाई जा रही है? | सैनिक कल्याण |
| श्री प्रकाश पन्त<br>08-06-2005 | 8. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में बेस चिकित्सालय खोलने की सरकार की कोई योजना विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री विजयपाल सिंह सजवाण<br>09-06-2005 | 9. | क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेगे कि जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत गंगोत्री धाम में बस अडडा का निर्माण कराया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री विजयपाल सिंह सजवाण<br>09-06-2005 | 10. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में कुल कितने एलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय हैं? इन चिकित्सालयों के सापेक्ष कितने चिकित्सक एवं कितने फार्मेसिस्ट कार्यरत हैं? चिकित्सक/फार्मेसिस्ट विहीन चिकित्सालयों में रिक्तियों को भरने हेतु क्या व्यवस्था की जा रही है? | स्वास्थ्य |
| श्री हरबंस कपूर<br>13-06-2005 | 11. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में गंभीर बीमारियों से पीडितों के उपचार हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों के कुल कितने पद है तथा क्या इन सभी पदों पर चिकित्सकों की नियुक्ति हो गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? यदि हाँ, तो इन विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा शर्ते क्या हैं? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15-06-2005 | 12. | क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी में पर्यटन अधिकारी का पद कब से रिक्त है? यदि हाँ, तो कब से तथा कब तक पर्यटन अधिकारी की तैनाती कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15-06-2005 | 13. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में पोलियों से ग्रस्त कुल कितने मरीज पंजीकृत हैं या कुल कितने पोलियोग्रस्त लोगों को चिन्हित किया जा चुका है? क्या सरकार उन्हें कोई सहायता उपलब्ध करा रही है? यदि हाँ, तो आर्थिक सहायता का स्वरूप क्या है तथा सहायता कब से दी जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15-06-2005 | **14.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के सीमान्त जनपद उत्तरकाशी में राजकीय महिला चिकित्सालय की स्थापना कराये जाने की सरकार की कोई योजना है? यदि हाँ, तो कब तक राजकीय महिला चिकित्सालय की स्थापना की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>16-06-2005 | **15.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में दयारा पर्यटन उत्सव समिति रैथल द्वारा राईटस व टी.सी.एस. कम्पनी द्वारा की गई सर्वेक्षण रिपोर्ट को फर्जी बताया गया है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा समिति को क्या जवाब दिया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि यदि उक्त कर्मचारियों की रिपोर्ट फर्जी नही है तो सरकार द्वारा स्थानीय जनता व जनप्रतिनिधियों की मांग पर योजना का प्रारूप तैयार करवाकर दयारा पर्यटन महायोजना क्रियान्वित की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>20-06-2005 | **16.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विकासखण्ड द्वाराहाट एवम् चौखुटिया के अन्तर्गत कफड़ा, सुरईखेत, धाम देवल व तड़ागताल में स्थित स्वास्थ्य केन्द्र कितने-वर्षो से किराये के भवन में चलाये जा रहे है? यदि हाँ, तो जनहित में सरकार स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य कराने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>20-06-2005 | **17.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-द्वाराहाट-चौखुटिया एवं भिक्यासैन जनपद अल्मोड़ा में एनैस्थैटिस्ट, पैथोलोजिस्ट एवं फिजिशियन के पद स्वीकृत हैं? यदि हाँ, तो उक्त पदों पर कब तक तैनाती कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>21-06-2005 | **18.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा में द्वाराहाट विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत पाण्डखोली, मनसा देवी और दूनागिरी नामक स्थान पर प्राचीन एवं ऐतिहासिक मन्दिरों को पर्यटन स्थल के रूप में चयनित किया गया है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा उक्त स्थानों में पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु क्या कदम उठाये जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों और कब तक उक्त स्थान को पूर्ण रूप से विकसित कर दिया जायेगा? | **पर्यटन** |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>22-06-2005 | **19.** क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद रूद्रप्रयाग के विकासखण्ड अगस्त्यमुनि में जवाहर नगर के पास पेट्रोल पम्प के नीचे मन्दाकिनी नदी पर केदारनाथ जाने वाले यात्री स्नान आदि हेतु रूकते हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार यात्रियों की सुविधा हेतु स्नान घाट का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>22-06-2005 | **20.** क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद रूद्रप्रयाग विकासखण्ड उखीमठ के ग्राम नारायणकोटि तथा ग्राम पंचायत त्रियुगीनारायण सरकार द्वारा पर्यटन गांव घोषित किये गये हैं? यदि हाँ, तो सरकार इन ग्रामों में पर्यटन संबंधी मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली, पेयजल, योजना, पैदल मार्गों का निर्माण तथा पर्यटन स्थलों का सौन्दर्यीकरण किये जाने की कोई योजना बना रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>24-06-2005 | **21.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के श्रीकोट व रौन्तल में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवनों का निर्माण किया जा चुका है? क्या यह सत्य है कि विभाग को अभी तक उपरोक्त भवनों का हस्तान्तरण नही किया गया है? यदि हाँ, तो विभाग द्वारा उपरोक्त भवनों का हस्तान्तरण कब तक कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>24-06-2005 | **22.** क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में बंधुवा श्रमिकों के चिन्हीकरण का कार्य किया गया है? जनपद उत्तरकाशी में कुल कितने बंधुवा श्रमिक चिन्हित किये हैं? और इनके कल्याणार्थ सरकार द्वारा कौन-कौन सी योजनायें संचालित की गयी हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **श्रम** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>24-06-2005 | **23.** क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि यूटिलिटी एवं टाटा 207 डी.आई. गाड़ियों के पक्के परमिट निर्गत किये जाने की कार्यवाही परिवहन विभाग द्वारा गतिमान है? यदि हाँ, अब तक कुल कितने पक्के परमिट जारी किये जा चुके हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **परिवहन** |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>25-06-2005 | **24.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत विकास खण्ड अगस्त्यमुनि तथा ऊखीमठ में पर्यटन की दृष्टि से किन स्थानों का चयन किया गया है तथा चयनित स्थानों के विकास की कार्य योजना का स्वरूप क्या है? क्या सरकार सिद्धपीठ काली शिला के विकास हेतु पैदल मार्ग, सौन्दर्यकरण आदि हेतु भी कोई योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>30-06-2005 | **25.** क्या पर्यटन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के डीडीहाट सानदेव में साहसिक पर्यटक संस्थान खोलने की कोई याजना सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>28-06-2005 | **26.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद-नैनीताल के अन्तर्गत भवाली में यू0पी0 डिजिटलस फैक्ट्री के कर्मचारियों को स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति देने का निर्णय कर लिया गया है? क्या उक्त संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों को नियमित रूप से वेतन दिया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अजय भट्ट<br>04-07-2005 | **27.** क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि पौड़ी जिले के श्रीनगर नामक स्थान में मेडिकल कालेज का शिलान्यास कर दिया गया है? यदि हाँ, तो किस दिनांक को एवं शिलान्यास पत्थर पर किन-किन जन प्रतिनिधियों के नाम किसके द्वारा अंकित करवाये गये? शिलान्यास होने के बाद आज तक मेडिकल कालेज श्रीनगर में छात्रों के प्रवेश न होने के क्या कारण हैं? क्या सरकार इसी शैक्षिणिक सत्र से मेडिकल कालेज प्रारम्भ करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **चिकित्सा शिक्षा** |
| श्री अजय भट्ट<br>04-07-2005 | **28.** क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर के रूद्रपुर नामक स्थान में मेडिकल कालेज का शिलान्यास कर दिया गया है? यदि हाँ, तो कब? क्या सरकार यह भी बतायेगी उक्त कालेज में प्रवेश कब तक प्रारम्भ कर दिये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | **चिकित्सा शिक्षा** |
| श्री अजय भट्ट<br>04-07-2005 | **29.** क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री को ज्ञात है कि अल्मोड़ा जिले के अन्तर्गत बेस हस्पताल अल्मोड़ा को मेडिकल कालेज बनाये जाने की मांग जन प्रतिनिधियों द्वारा उठायी जाती रही है? यदि हाँ, तो बेस हस्पताल अल्मोड़ा को मेडिकल कालेज बनाने की दिशा मे आज तक क्या कार्यवाही की गयी? क्या सरकार जनहित में उक्त अस्पताल को मेडिकल कालेज बनाये जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **चिकित्सा शिक्षा** |
| श्री अजय भट्ट<br>04-07-2005 | **30.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि नागरिक चिकित्सालय रानीखेत का नव निर्माण लम्बे समय से चल रहा है? यदि हाँ, तो द्वितीय तल के लिये पूर्ण में स्वीकृत आगणन के अनुसार आज तक धन स्वीकृत न करने के क्या कारण हैं तथा कब तक इस चिकित्सालय के द्वितीय तल के निर्माण हेतु धन स्वीकृत कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04-07-2005 | **31.** क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून से उत्तरकाशी भटवाडी रैथल तक उत्तरांचल परिवहन निगम की प्रतिदिन नियमित बस सेवा प्रारम्भ की जा रही हैं? यदि हाँ, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | **परिवहन** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04-07-2005 | **32.** क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव, पुरोला व मोरी के भूतपूर्व सैनिकों को अपने मासिक देय कोटे के लिये उत्तरकाशी जाना पड़ता है, जिससे पूर्व सैनिको को धन व समय के बरबादी होती है? क्या सरकार इस क्षेत्र के भूतपूर्व सैनिकों को देय कोटे के लिये बड़कोट अथवा नौगांव में सी.एस.डी. कैन्टीन स्थापित कराये जाने हेतु कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **सैनिक कल्याण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04-07-2005 | 33. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ अन्तर्गत रौन्तल में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किये जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री अनिल नौटियाल<br>04-07-2005 | 34. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के गैरसैण विकास खण्ड के अन्तर्गत बिछौना गांव में आयुर्वेदिक चिकित्सालय खोले जाने का प्रस्ताव शासन स्तर पर लम्बित हैं? यदि हाँ, तो चिकित्सालय कब तक खोल दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रकाश पन्त<br>05-07-2005 | 35. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के रा0आयु0चि0 वड्डा का भवन निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है? यदि हाँ, तो क्या विभाग को उक्त भवन हस्तान्तरित हो चुका है तथा उसमें चिकित्सालय संचालित किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री अनिल नौटियाल<br>05-07-2005 | 36. क्या परिवहन मंत्री को जानकारी में है कि जनपद चमोली में कर्णप्रयाग विकास खण्ड के अन्तर्गत कर्णप्रयाग-बेनीताल, कर्णप्रयाग-सिदोली, कर्णप्रयाग-नैनीसैण मोटर मार्गो पर नियमित बस सेवा प्रदान की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री अनिल नौटियाल<br>05-07-2005 | 37. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के कर्णप्रयाग विकास खण्ड के अन्तर्गत नोटी-गिदौखाल पौडी हेतु बस सेवा कब तक प्रारम्भ कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रकाश पन्त<br>06-07-2005 | 38. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत जमराडी, मेलडुगंरी, खतीगांव, चमाली तथा झूणी में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय खोले जाने का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो क्या वर्ष 2005-06 में उक्त चिकित्सालयों की स्थापना कर ली जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री कैलाश शर्मा<br>06-07-2005 | 39. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय पालिटेक्नीक-ताकुला जनपद अल्मोड़ा के भवनों का नव निर्माण कराने हेतु सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री अजय भट्ट<br>06-07-2005 | 40. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत रानीखेत से चौबटिया एवं द्वाराहाट से दूनागिरी मन्दिर तक रज्जू-मार्ग निर्माण हेतु कोई कार्य योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो इसमें आज तक क्या प्रगति हुई है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या सरकार पर्यटन को बढावा देने हेतु उपरोक्त स्थानों पर रज्जू मार्ग बनाये जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |

श्री अनिल नौटियाल
07-07-2005

41. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के अन्तर्गत वर्ष 2005-06 में कितने ए0एन0एम0 सेन्टर खोले जाने का प्रस्ताव शासन स्तर पर विचाराधीन है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त ए.एन.एम. सेन्टर कहाँ-कहाँ खोले जायेंगे?

स्वास्थ्य

श्रीमती आशा नौटियाल
07-07-2005

42. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कि जनपद रुद्रप्रयाग में विजयनगर बसुकेदार मोटर मार्ग पर वर्तमान में स्थानीय जनता की सुविधा हेतु बस सेवा संचालित की जा रही है? यदि हाँ, तो बस सेवा कब से प्रारम्भ की गई तथा बस का संचालन कहाँ से कहाँ तक किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों?

परिवहन

श्रीमती आशा नौटियाल
07-07-2005

43. क्या श्रम मंत्री को जानकारी है कि वर्तमान में सरकार महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तीकरण कार्यक्रम पर जोर दे रही है? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि जनपद रूद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ में महिला तकनीकी शिक्षण संस्थान (आई0टी0आई) की मांग क्षेत्रीय जनता लम्बें समय से करती आ रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार संस्थान की स्थापना शीघ्र करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

श्रम

श्री कैलाश शर्मा
08-07-2005

44. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड हवालबाग में जनता की मांग को दृष्टिगत रखते हुये क्या सरकार कठपुडिया में राजकीय पॉलिटैक्नीक की स्वीकृति दिये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

तकनीकी शिक्षा

श्रीमती आशा नौटियाल
08-07-2005

45. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जनपद रूद्रप्रयाग में अगस्त्यमुनि तथा ऊखीमठ विकास खण्ड में पर्यटन विभाग द्वारा किन-किन स्थानों पर सुलभ शौचालयों का निर्माण किया गया है तथा उनकी संख्या क्या है? उक्त शौचालयों की देखरेख व सफाई की जिम्मेदारी किस विभाग को सौंपी गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

पर्यटन

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
08-07-2005

46. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट विकास खण्ड के अन्तर्गत सिंमलगांव (बटुलिया) में आयुर्वेदिक भवन निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है? यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य

श्री अजय भट्ट
11-07-2005

47. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में जिलेवार कुल कितने खाद्य निरीक्षकों के पद रिक्त हैं? खाद्य निरीक्षकों के इन खाली पदों पर कब तक नियुक्ति कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में सरकार ने खाद्य अपमिश्रण के बचाव के लिये क्या प्रबन्ध किये हैं?

स्वास्थ्य

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>16-03-2005 | 48. क्या स्वास्थ्य मंत्री भिज्ञ हैं कि उत्तरांचल में ए0एन0एम0 सेन्टरों का अभाव है? यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में तिथिनुसार ए0एन0एम0 के कैम्प लगाये जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इस हेतु कोई योजना बनाई गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री मदन कौशिक<br>11-07-2005 | 49. क्या श्रम मंत्री अवगत हैं कि राज्य की औद्योगिक नीति के अन्तर्गत हरिद्वार जनपद में लगने वाली निजी औद्योगिक इकाईयों में जनपद हरिद्वार के बेरोजगारों को इन इकाईयों में रोजगार दिये जाने में घोर उपेक्षा की जा रही है? क्या सरकार इन इकाईयों में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार दिये जाने हेतु कोई ठोस कार्यवाही कर रही है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>12-07-2005 | 50. क्या स्वास्थ्य मंत्री बतलाने का कष्ट करेगे कि जनपद चमोली के अन्तर्गत विकास खण्ड पोखरी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रोता में कुल कितने डाक्टर एवं चिकित्सा कर्मी वर्तमान में कार्यरत हैं? क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में अतिरिक्त डाक्टरों की नियुक्ति किये जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>14-07-2005 | 51. क्या स्वास्थ्य मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के वीणा गांव में सरकार आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>14-07-2005 | 52. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के ग्राम सभा पोगठा में जनता द्वारा प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने की मांग की जा रही है? यदि हाँ, तो उक्त संदर्भ में सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गयी एवं स्वास्थ्य केन्द्र कब तक खोल दिया जायेगा? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14-07-2005 | 53. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाडी के गांव अठाली, चामकोट, दिलसौड़ व मनेरा के ग्रामीणों के लिये क्या सरकार ग्राम अठाली में उप स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15-07-2005 | 54. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वनचौरा व राजकीय ऐलोपैथिक चिकित्सालय दिचली में चालक का पद सृजित किया जायेगा? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15-07-2005 | 55. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में लोहारीनाग पाला व पाला मनेरी जल विद्युत परियोजना में लगी निर्माण कम्पनियों द्वारा तैनात पूर्व सैनिक कार्मिको को शासनादेशनुसार वेतन/मानदेय दिया जा रहा है? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि उपरोक्त परियोजनाओ की निर्माण कम्पनियों द्वारा पूर्व सैनिक सशस्त्र चौकीदार तथा चौकीदार को प्रतिमाह कितना भुगतान वेतन/मानदेय के रूप में किया जा रहा है? | श्रम |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15-07-2005 | 56. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी मुख्यालय में उत्तरांचल परिवहन निगम का डिपो खोलने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>15-07-2005 | 57. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री भिज्ञ हैं कि एन.टी.पी.सी. द्वारा प्रदेश सरकार के सहयोग से कालांढूगी, जनपद नैनीताल में पालीटैक्निक संस्थान खोलने का निर्णय लिया जा चुका है? यदि हाँ, तो उक्त संस्थान हेतु स्थल चयन कर लिया गया है? यदि नहीं, तो स्थल चयन कब तक कर लिया जायेगा? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त संस्थान में कौन-कौन से ट्रेड प्रशिक्षण हेतु संचालित किये जायेंगे? | तकनीकी शिक्षा |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>15-07-2005 | 58. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत कालाढूंगी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों की अत्याधिक जनसंख्या का दबाव है? यदि हाँ, तो क्या सरकार के पास उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को उच्चीकृत किये जाने की कोई योजना विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रकाश पन्त<br>16-07-2005 | 59. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला मुख्यालय पिथौरागढ़ से राज्य की राजधानी तथा देश की राजधानी हेतु नियमित डीलक्स बस सेवा संचालन करने पर विचार किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>16-07-2005 | 60. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी हेतु देहरादून से बड़ेथी, वनचौरा, दिवारीखोल तक तथा चिन्यालीसौड़-दिचली-पोखरीसौड़ (जोगथ) तक रोडवेज बस सेवा प्रारम्भ की जायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>16-07-2005 | 61. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र 60 पन्तनगर-गदरपुर में रूद्रपुर से मटकोटा-गदरपुर मोटर मार्ग होते हुये सिटी बस सेवा चलाने की योजना बनाई गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पन्त<br>20-07-2005<br>श्री अनिल नौटियाल<br>20-07-2005 | 62. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हिन्दुस्तान लीवर्स की जनपद हरिद्वार स्थित इकाई में स्थानीय कितने बेरोजगारों को रोजगार प्रदान किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>20-07-2005 | 63. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत चौखुटिया विकासखण्ड के महाकालेश्वर नामक स्थान पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने का निर्णय लिया जा चुका है? यदि हाँ, तो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कब से प्रारम्भ कर लिया जायेगा? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>21-07-2005 | 64. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल की महिलाओं हेतु केन्द्र सरकार द्वारा पोषित योजनाओं के अतिरिक्त राज्य सरकार ने कोई रोजगार नीति बना ली हैं? यदि हाँ, तो इसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो महिला रोजगार नीति न बनाये जाने के क्या कारण हैं? | श्रम |
| श्री अजय भट्ट<br>22-07-2005 | 65. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि नैनीताल स्थित उपचारिका प्रशिक्षण केन्द्र में विगत कई वर्षों से प्रशिक्षण बन्द हैं? यदि हाँ, तो कब से एवं प्रशिक्षण बन्द होने का क्या कारण हैं? क्या सरकार इसे अन्यत्र स्थानान्तरण करने का विचार कर रही है? यदि नहीं, तो प्रशिक्षण पुनः कब से प्रारम्भ होगा? | स्वास्थ्य |
| श्री अजय भट्ट<br>22-07-2005 | 66. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में विद्युत एवं यांत्रिकी सेल के गठन की कोई प्रक्रिया शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो गठन कब तक कर दिया जायेगा तथा सेल का प्रारूप क्या होगा? | स्वास्थ्य |
| श्री अजय भट्ट<br>23-07-2005 | 67. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राज्य रक्षा संस्थान पटवाडांगर जिला नैनीताल में लगभग 50 लाख रूपये की टी0टी वैक्शीन लगभग 4-5 वर्षो से शीत कक्षों में पड़ी है? यदि हाँ, तो इसकी आपूर्ति न किये जाने के क्या कारण है तथा इसके लिए कौन उत्तरदायी है? सरकार द्वारा उक्त वैक्शीन की आपूर्ति हेतु क्या कदम उठाये गये है तथा कब तक वैक्शीन की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री अजय भट्ट<br>23-07-2005 | 68. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2003-04 में राज्य रक्षालय संस्थान पटवाडांगर जिला नैनीताल में उपकरण खरीद हेतु लगभग 70 लाख रूपये शासन द्वारा आंवटित किये गये? यदि हाँ, तो उक्त धनराशि का उपयोग वांछित उपकरण क्रय हेतु किया गया? यदि नहीं, तो किन परिस्थितियों में उपकरणों का क्रय नही किया गया? क्या सरकार उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अजय भट्ट<br>23-07-2005 | **69.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य रक्षालय संस्थान पटवाडांगर जिला नैनीताल में वर्तमान में ए0आर0वी0 एवं टी0टी0 वैक्सीन का उत्पादन हो रहा है? यदि हाँ, तो वर्ष 2001-02 से वर्ष 2004-05 तक वर्ष वार उत्पादन का लक्ष्य क्या रहा? लक्ष्य के अनुसार उत्पादन न होने के लिये कौन उत्तरदायी है एवं कब तक नियमित उत्पादन प्रारम्भ कर दिया जायेगा? क्या सरकार बतायेगी कि वर्तमान में ए0आर0वी0 एवं टी0टी0 वैक्सीन कहां से खरीदी जा रही है? वर्ष 2001-2002 से वर्ष 2004-2005 तक कुल कितने कीमत की ए0आर0वी0 एवं टी0टी वैक्सीन खरीदी गयी उसका पूरा विवरण क्या है? | **स्वास्थ्य** |
| डा0 नारायण सिह जन्तवाल<br>22-07-2005<br>श्री अजय भट्ट<br>22-07-2005 | **70.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में एवं प्रदेश के बाहर ''एन्टी रेबीज वैक्सीन'' उपलब्ध करवाने वाला 'राज्य रक्षालय संस्था पटुवाड़ागर, जनपद नैनीताल' द्वारा वैक्सीन का उत्पादन बन्द कर दिया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार पुनः इस संस्थान में आधुनिक तकनीक 'टिसू कल्चर' से वैक्सीन निर्माण करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रकाश पन्त<br>19-07-2005 | **71.** क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में तकनीकी विश्वविद्यालय स्थापित किया जा चुका है? यदि हाँ, तो कब तथा कहां? यदि नहीं, तो क्यों? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>26-07-2005 | **72.** क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2004-05 में जनपद देहरादून तथा हरिद्वार में अवैध शराब का व्यापार करने वाले व्यक्तियों से कितनी शराब पकड़ी गई तथा दण्ड स्वरूप सरकार को कितने राजस्व की प्राप्ति हुई? | **आबकारी** |
| श्री प्रकाश पन्त<br>26-07-2005 | **73.** क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि राज्य में चल रहे विभिन्न तकनीकी विद्यालयों की वर्ष 2005-06 की परीक्षायें राज्य में प्रस्तावित तकनीकी विश्व विद्यालय के माध्यम से संचालित की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्री हरबंस कपूर<br>26-07-2005 | **74.** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून में ऋषिकेश के अन्तर्गत ग्राम सभा खदरी में स्थित स्वास्थ्य केन्द्र पर किसी नियमित कर्मचारी एवं डाक्टर की नियुक्ति की गयी है? यदि हाँ, तो क्या उक्त स्वास्थ्य केन्द्र सुचारू रूप से कार्य कर रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>08-07-2005 | **75.** क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के ग्राम महड़ में स्थित शिव मन्दिर के सौन्दर्यीकरण एवं विकास के लिये सरकार कोई योजना बना रही है? यदि हाँ, तो योजना का स्वरूप क्या है और कब तक योजना पर कार्य प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **पर्यटन** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>23-07-2005 | 76. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल स्थित कुमायूँ मण्डल विकास निगम के नियत्रणाधीन रज्जू मार्ग से निगम को लाभ हो रहा है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा रज्जू मार्ग को निजी क्षेत्र में सौंपे जाने के क्या कारण है? उक्त के संबंध में अन्तिम निर्णय कर लिया गया है? | पर्यटन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>27-07-2005 | 77. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के वि0ख0 घाट के ग्राम सभा धूर्मा कुण्डी के अन्तर्गत निर्माणाधीन मातृ शिशु कल्याण उपकेन्द्र मोख के भवन निर्माण हेतु शासनादेश संख्या- 2896/28-2-98-10.93/97 दिनांक 21.01.99 द्वारा कुल कितनी धनराशि स्वीकृत हुई थी? क्या सम्पूर्ण धनराशि व्यय कर दी गई है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मातृ शिशु कल्याण केन्द्र के भवन निर्माण कार्य को पूर्ण कर लिया है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29-07-2005 | 78. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा दैनिक व न्यूनतम वेतन भोगी कर्मचारी नियुक्त किये गये थे? क्या यह सत्य है कि मा0 मुख्यमंत्री द्वारा उक्त कर्मचारियों को स्थायी कर राज्य सम्पत्ति विभाग में समायोजित किये जाने हेतु दो बार अनुमोदन किया जा चुका है? यदि हाँ, तो इनका समायोजन उक्त विभाग में कब तक कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री कैलाश शर्मा<br>30-07-2005 | 79. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल स्वास्थ्य विभाग में अवर अभियन्ता विद्युत का पद सृजित किया गया है? यदि हाँ, तो वर्तमान में उत्तरांचल स्वास्थ्य विभाग में कितने अवर अभियन्ता विद्युत कार्यरत है? | स्वास्थ्य |
| श्री कैलाश शर्मा<br>30-07-2005 | 80. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के पौराणिक एवं पर्यटन स्थल स्याही देवी में दर्शनार्थियों एवं पर्यटकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सितलाखेत से स्याही देवी मन्दिर तक रोप-वे बनाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री कैलाश शर्मा<br>30-07-2005 | 81. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के पर्यटक स्थल कसार देवी में पर्यटकों के आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए एन0टी0डी0 से कसार देवी मन्दिर तक रोप-वे बनाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री अनिल नौटियाल<br>02-08-2005 | 82. | क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय बहेडाखाल, पौड़ी गढ़वाल में नियुक्त प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 ललित कुमार दो वर्ष हेतु प्रशिक्षण पर है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त चिकित्सालय में चिकित्साधिकारी की तैनाती कब तक सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>03-08-2005 | **83.** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घण्डियाल के अन्तर्गत मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण उपकेन्द्र बाडियूँ साकिनीखेत, बगानीखाल में नियुक्त महिला स्वास्थ्य कार्यकर्तीयों के उपकेन्द्र स्थल में निवास करने तथा उपकेन्द्रो पर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु क्या-क्या उपाय किए गए हैं? यदि नही, तो क्यों? | **स्वास्थ्य** |
| श्री अजय भट्ट<br>05-08-2005 | **84.** क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सन् 2003-2004, 2004-2005 एवं 2005-2006 में बार एवं बियर बार के कितने-कितने लाईसेंस जारी किये गये तथा लाईसेंस जारी करते समय क्या मापदण्ड निर्धारित किये गये थे? | **आबकारी** |

# नत्थी (ग)

**कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 20 अक्टूबर, 2005 की बैठक में दिनांक 21 अक्टूबर, 2005 से दिनांक 24 अक्टूबर तक के उपवेशन के कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है :-**

**अक्टूबर, 2005**

21 शुक्रवार

**पूर्व स्वीकृत कार्यक्रम के अतिरिक्त निम्नलिखित कार्य :-**

1. उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश मंत्री (वेतन, भत्ता और प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, 1981) (संशोधन) विधेयक, 2005 पर विचार एवं पारण। (15 मिनट)

2. श्री फूल सिंह बिष्ट द्वारा नियम-52 के अन्तर्गत निम्नलिखित विषय पर एक घंटे की चर्चा :-

"निर्माणाधीन टिहरी बांध की टनल संख्या टी-2 को बन्द कर दिए जाने के निर्णय से टिहरी बांध से प्रभावितों जिनका अभी तक पूर्ण रूप से पुनर्वासन नहीं किया जा सका है में व्याप्त भय क्षोभ एवं असन्तोष के सम्बन्ध में।" (एक घंटा)

24 सोमवार

**पूर्व स्वीकृत कार्यक्रम के अतिरिक्त निम्नलिखित कार्य :-**

(1) उत्तरांचल मूल्य वर्धित कर विधेयक, 2005 पर विचार एवं पारण। (एक घंटा)

(2) (क) श्री प्रकाश पन्त द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत निम्न प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल के लोकायुक्त द्वारा वर्ष 2005 में दिनांक 17 जनवरी, 2005 को सदन के समक्ष प्रस्तुत रिपोर्ट पर सदन में चर्चा कराई जाय।"

(ख) श्री हरबंस कपूर द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत निम्न प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में बाल विवाह प्रतिषेध कानून का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जाए।"